# अमर उजाला jobalert

चाहे सरकारी क्षेत्र हो या प्राइवेट, देश में नौकरियों की कोई कमी नहीं है। जरूरत बस इतनी है कि समय रहते युवाओं को इनकी जानकारी मिलती रहे। **ऐसी ही कुछ नौकरियों पर एक नजर-**

## UPSC की विज्ञप्ति जारी

**संघ लोक सेवा आयोग**

- **कुल पदः** 602
- **परीक्षाः** भारतीय इंजीनियरी सेवा परीक्षा 2016
- **शैक्षिक योग्यताः** संबंधित ट्रेड में इंजीनियरिंग डिग्री
- **आयु सीमाः** 21 से 30 वर्ष
- **अंतिम तिथिः** 25 मार्च, 2016
- **शुल्क जमा करने की अंतिम तिथिः** 24 मार्च, 2016
- **ऑनलाइन आवेदनः** upsconline.nic.in/

**आवेदन शुल्कः** सामान्य व ओबीसी वर्ग को 200 रुपये जमा करने होंगे। महिला/ एससी/एसटी/निःशक्त उम्मीदवारों के लिए आवेदन निःशुल्क है।

**ऐसे करें आवेदनः** आवेदन करने के लिए उम्मीदवार संबंधित वेबसाइट पर जाएं और मौजूद दिशा-निर्देशों के अनुसार ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया को पूरा करें।

**चयन प्रक्रियाः** योग्य उम्मीदवारों का चयन लिखित परीक्षा और साक्षात्कार या व्यक्तिगत परीक्षण के आधार पर होगा।

## एसएससी ऑफिसर बनने का मौका

**भारतीय सेना**

- **कुल पदः** 400
- **पदः** शॉर्ट सर्विस कमीशन (एसएससी) ऑफिसर
- **शैक्षिक योग्यताः** निर्धारित चिकित्सकीय योग्यता, जो इंडियन मेडिकल काउंसिल एक्ट 1956 की पहली/दूसरी अनुसूची और भाग-II की तीसरी अनुसूची में शामिल हो।
- **आयु सीमाः** अधिकतम 45 वर्ष
- **अंतिम तिथिः** 27 मार्च, 2016
- **ऑनलाइन आवेदनः** www.amcsscentry.gov.in

**आवेदन शुल्कः** 200 रुपये।

**ऐसे करें आवेदनः** आवेदन करने के लिए उम्मीदवार संबंधित वेबसाइट पर जाएं और मौजूद दिशा-निर्देशों के अनुसार ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया को पूरा करें।

**चयन प्रक्रियाः** चयन साक्षात्कार और चिकित्सकीय परीक्षण के आधार पर किया जाएगा।

### fact file

| | |
|---|---|
| **1,242** पद गुजरात पोस्टल सर्कल में रिक्त | **104** पद यूपीएससी के जरिये भरे जाएंगे |
| **60** पद एसजेवीएन लिमिटेड में खाली | **10** पद एलआईसी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड में |

## गैर-शैक्षिक पदों पर नौकरी

**हैदराबाद विश्वविद्यालय**

- **कुल पदः** 10
- **पदः** सीनियर असिस्टेंट, स्टेनोग्राफर, जूनियर इंजीनियर, जूनियर ऑफिसर असिस्टेंट इत्यादि
- **शैक्षिक योग्यताः** पदानुसार
- **आयु सीमाः** अधिकतम 37/40 वर्ष (पदानुसार)
- **अंतिम तिथिः** 08 अप्रैल, 2016
- **वेबसाइटः** www.uohyd.ac.in

**आवेदन शुल्कः** सभी वर्ग के लिए 300 रुपये।

**ऐसे करें आवेदनः** आवेदन पत्र के निर्धारित प्रारूप को भरें व संबंधित शैक्षिक प्रमाणपत्रों की स्वप्रमाणित प्रतियों को संलग्न कर 'असिस्टेंट रजिस्ट्रार, पर्सनल सेक्शन-II, भू-तल, एडमिनिस्ट्रेशन बिल्डिंग, हैदराबाद यूनिवर्सिटी, सेंट्रल यनिवर्सिटी, पीओ-गचीबोअली, हैदराबाद (तेलंगाना)-500046' के पते पर भेजें।

## असिस्टेंट और टेक्नीशियन के पद

**इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ पेट्रोलियम, उत्तराखंड**

- **पदः** टेक्निकल असिस्टेंट और टेक्नीशियन
- **शैक्षिक योग्यताः** 60% अंकों से लाइब्रेरी साइंस में बीएससी
- **आयु सीमाः** अधिकतम 28 वर्ष
- **अंतिम तिथिः** 18 अप्रैल, 2016
- **वेबसाइटः** www.iip.res.in

**ऐसे करें आवेदनः** संबंधित वेबसाइट से आवेदन पत्र के निर्धारित प्रारूप को डाउनलोड कर उसे भरें। पूर्णरूप से भरे हुए आवेदन पत्र के साथ में संबंधित शैक्षिक प्रमाणपत्रों की स्वप्रमाणित प्रतियों को संलग्न कर 'कंट्रोलर ऑफ एडमिनिस्ट्रेशन, सीएसआईआर-इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ पेट्रोलियम, पीओ, आईआईपी, मोहकमपुर, हरिद्वार रोड, देहरादून-248005' के पते पर भेजें। निर्धारित पद केवल निःशक्तजन के लिए हैं।

**चयन प्रक्रियाः** आवेदकों का अंतिम चयन साक्षात्कार/ट्रेड टेस्ट के आधार पर किया जाएगा।

## आज का सवाल

**मैं कक्षा 12वीं में पढ़ता हूं। मुझे किस-किस क्षेत्र में नौकरी मिल सकती है?** **-तेजस जौहरी**

**जवाबः** आप कर्मचारी चयन आयोग यानी एसएससी के अंतर्गत आयोजित होने वाली 12वीं स्तर की परीक्षाओं की तैयारी कर सकते हैं। रेलवे में भी 12वीं स्तर तक के लिए समय-समय पर विज्ञप्तियां जारी की जाती हैं। इसके अलावा उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग यानी यूपीएसएसएससी भी विभिन्न पदों पर भर्ती के लिए 10वीं, 12वीं स्तर पर परीक्षाओं का अयोजन करती है। आप इन विज्ञप्तियों के बारे में रोजगार समाचार पत्र, इंटरनेट और अन्य माध्यमों से जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। एसएससी, यूपीएसएसएससी और रेलवे की परीक्षाओं में सामान्य ज्ञान, तर्कबुद्धि परीक्षण और गणित से जुड़े प्रश्नों को पूछा जाता है। आप इन परीक्षाओं की तैयारी करा रहे अनुभवी शिक्षकों के मार्गदर्शन में प्रत्येक खंड की नियमित तैयारी कर सफलता प्राप्त कर सकते हैं।

अपने सुझाव और सवाल हमें
ईमेल jobalert@amarujala.com पर भेजें।

**जीएलए में सीएसआई का दो दिवसीय 50वां नेशनल स्टूडेंट कन्वेंशन**

# विद्यार्थियों का तकनीकी ज्ञान किया अपडेट

**मथुरा (ब्यूरो)।** जीएलए विवि और कंप्यूटर सोसायटी ऑफ इंडिया मथुरा चैप्टर की ओर से दो दिवसीय 50वां नेशनल स्टूडेंट कन्वेंशन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें आगरा, अलीगढ़, जयपुर, बरेली, एनसीआर और मथुरा के अंतर्गत आने वाले 20 संस्थानों के शिक्षकों और विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया।

इस अवसर पर कुलपति प्रो. दुर्ग सिंह चौहान ने कहा कि आज सीएसआई के नेतृत्व में भारतीय आईटी इंडस्ट्री सही दिशा निर्देश के माध्यम से पथ प्रदर्शक का कार्य कर रही है। साथ ही छात्रों को कंप्यूटर शिक्षा के क्षेत्र में शोध और विकास कार्यों में उचित मार्ग दर्शन देकर अपना सामाजिक दायित्व निभा रही है। मुख्य अतिथि प्रो. एमएन हुड़ा ने कहा कि आज के इस प्रतिस्पर्धा युग में युवाओं को असफलताओं से हतोत्साहित नहीं होना चाहिए, बल्कि इनसे सीख लेते हुए दोगुने उत्साह के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रयासरत रहना अति आवश्यक है।



जीएलए विवि मथुरा में सीएमएस कार्यक्रम को संबोधित करते कुलपति।

प्रतिकुलपति प्रो. एएम अग्रवाल ने प्रतिभागियों को इस आयोजन में भाग लेने के लिए प्रेरित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामना दी। विवि के सीईए विभाग के विभागाध्यक्ष सीएसआई चैप्टर के सेक्रेटरी प्रो. आनंद सिंह जलाल ने कार्यक्रम की थीम से अवगत कराया। इस अवसर पर बीटेक सीएसई 2013 बैच के धर्मेंद्र कुमार को भी सम्मानित किया गया, जिन्होंने यूपी पीसीएस परीक्षा में 21वां स्थान प्राप्त करके जीएलए का नाम रोशन किया। कार्यक्रम कमेटी के प्रो. दिलीप कुमार शर्मा ने वोट ऑफ थैंक्स दिया।

**भारतीय खाद्य निगम**
जिला कार्यालयः 572, रामघाट रोड, अलीगढ़ (उ.प्र.)-202001

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

भारतीय खाद्य निगम, अलीगढ़ के क्षेत्रान्तर्गत पांच राजस्व जनपदों में अलीगढ़ में छर्रा मंडी, हाथरस में सिकंदरा राऊ मंडी, कासगंज में सिढ़पुरा और मथुरा में बाजना, में रबी विपणन वर्ष 2016-17 के लिये 04 गेहूं क्रयकेंद्र पर हेंडलिंग एवं परिवहन कार्य हेतु ठेकेदारों की नियुक्ति के लिये मुहर बंद निविदायें आमंत्रित की जाती हैं।

निविदा प्रपत्र जिला कार्यालय के वाणिज्य अनुभाग से रु. 500=00 (रुपये पांच सौ मात्र) तथा 75.00 रु. वैट के नकद भुगतान पर दिनांक 15.03.2016 से 21.03.2016 तक किसी कार्य दिवस में प्रातः 10 बजे से अपरान्ह 02 बजे तक प्राप्त किये जा सकते हैं। दिनांक 21.03.2016 को अपरान्ह 3 बजे तक जिला कार्यालय में उपलब्ध टेंडर बॉक्स में डाले जा सकेंगे। दिनांक 21.03.2016 को ही क्षेत्र प्रबंधक द्वारा नामित अधिकारियों की समिति द्वारा निविदादाताओं के समक्ष अपरान्ह 3.30 बजे निविदायें खोली जायेंगी। निविदा शर्तों से सम्बन्धित जानकारी वाणिज्य अनुभाग, जिला कार्यालय, अलीगढ़ से प्राप्त की जा सकती हैं। हेंडलिंग एवं परिवहन कार्यों के लिये राज्य सरकार/सम्बन्धित राजस्व जिले के जिलाधिकारी द्वारा वर्ष 2016-17 के लिये निर्धारित दरें ही उच्चतम होंगी।

निगम हित में किसी भी निविदा/निविदाओं को बिना कारण बताये स्वीकार/अस्वीकार करने का पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरकर्ता के पास सुरक्षित है।

पत्रांकः डी आर-2/गेहूं खरीद/अली./2016-17/2838/दिनांकः14.03.2016 **क्षेत्र प्रबंधक**

# पालेन्द्र, नीरज, अजीत सर्वेश बने विजेता



स्पोट्रर्स स्टेडियम में बैडमिंटन खेलती खिलाड़ी।

अमर उजाला ब्यूरो

**अलीगढ़।** अहिल्याबाई स्पोर्ट्स स्टेडियम में सोमवार को नेहरू युवा केन्द्र के तत्वावधान में खेलकूद प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। पहले दिन बैडमिंटन, एथलेटिक्स और गोलाफेंक प्रतियोगिता हुई। इसमें शहर और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों के खिलाड़ियों ने बेहतर प्रदर्शन किया। मंगलवार को पुरस्कार वितरण से पहले कबड्डी और बालीवाल के मैच होंगे। एथलेटिक्स की बालक वर्ग में 100 मीटर रेस, इसमें पालेन्द्र कुमार प्रथम, अजीत रावत दूसरे स्थान पर रहे। शार्टपुट (गोला फेंक) बालिका वर्ग में नीरज प्रथम और सर्वेश दूसरे स्थान पर रहीं। बैडमिंटन के डबल्स में कृतिका और लवली की जोड़ी प्रथम रही। सिंगल मुकाबलों में भी कृतिका और लवली छाई रहीं।

**कृतिका और लवली की जोड़ी ने भी मारे जीत के शॉट**



अमर उजाला द्वारा आयोजित कार्यक्रम 'कैच देम यंग' के तहत स्कूल के बच्चों को प्रेस भ्रमण कराया जा रहा है, जिसमें उन्हें अखबार प्रकाशित होने की संपूर्ण प्रक्रिया से अवगत कराया जाता है। बच्चों से उनकी पसंद का अखबार भी बनवाया जाता है। इसमें भाग लेने वाले बच्चों को प्रमाण पत्र द्वारा पुरस्कृत किया जाता है। इसी के तहत श्री जी पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र और उपहार द्वारा पुरस्कृत किया गया।

# वार्षिक समारोह में छात्राएं हुई पुरस्कृत




एएमयू के बेगम सुलतान जहां हॉल के वार्षिक समारोह में कुलपति जमीरउद्दीन शाह, सह कुलपति सैयद अहमद अली, प्रोवोस्ट प्रो. सुबुही खान आदि।

अमर उजाला ब्यूरो

**अलीगढ़।** एएमयू के बेगम सुलतान जहां हॉल द्वारा वार्षिक समारोह 'मिजगान-16' का आयोजन किया गया। इसमें छात्राओं द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक एवं साहित्यक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। कुलपति जमीरउद्दीन शाह एवं सह कुलपति सैयद अहमद अली एवं नेहा कासिम ने वार्षिक हॉल पत्रिका का विमोचन किया। कुलपति ने छात्राओं से विश्वविद्यालय को नंबर वन बनाने का आह्वान किया। इस अवसर पर दौड़, वालीबाल, बास्केट बाल, बैडमिंटन, टेबिल टेनिस, कैरम एवं शतरंज आदि प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। सीनियर हाल मानिटर दरखशां जहीर ने वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। अतिथियों का स्वागत प्रोवोस्ट प्रो. सुबुही खान ने किया। सीनियर फूड मानिटर बरीन अहसन, स्पोर्ट्स सेक्रेटरी श्रेया सिंह, लिटरेरी सेक्रेटरी समरीन अहमद, कल्चरल सेक्रेटरी अर्श इकबाल, ज्वाइंट हाल मानिटर अना ज़ेहरा नकवी, संजना नंदी, वार्डन इंचार्ज डॉ. गजाला यासीन और डॉ. सबीहा तबस्सुम आदि उपस्थित थी।

**बेगम सुलतान जहां हॉल द्वारा वार्षिक समारोह 'मिजगान-16' का आयोजन किया गया**

# बच्चों को विज्ञान की अहमियत समझाएं महिलाएं



एएमयू के भौतिकी विभाग में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करती मनोविज्ञान विभाग की पूर्व अध्यक्ष एवं डीन प्रो. हमीदा अहमद।

**अलीगढ़।** एएमयू के भौतिकी विभाग एवं इंटरनेशनल सोसाइटी ऑफ मुस्लिम वूमेन इन साइंस के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम चंद्रयान पर जाने वाले दल में शामिल हुई खुशबू मिर्जा को शिक्षकों ने याद किया और कहा कि मुस्लिम महिलाओं में भी साइंस के प्रति रुझान बढ़ रहा है। मनोवैज्ञानिक प्रो. हमीदा अहमद ने कहा कि मुस्लिम महिलाओं को विज्ञान की अहमियत को समझते हुए बच्चों को भी विज्ञान की शिक्षा की ओर आकर्षित करना चाहिए। ओहायो स्टेट यूनिवर्सिटी अमेरिका की प्रो. सुलताना एन नाहर ने कहा कि पुरुषों के समान नारी में भी कार्य करने की तमाम क्षमताएं मौजूद हैं। इस मौके पर प्रो. अफजाल अंसारी, प्रो. कुदसिया तहसीन आदि मौजूद थीं।




